C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:17 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:35 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 136 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 19 नवंबर 2026

सलमान संग विवाद याद कर...पेज-3 पर

News कॉर्नर

सपा के रोड शो में भाजपा नेता के बेटे की मौत

लखनऊ। गोरखपुर में चार घंटे तक कार्रवाई का इंतजार और फिर सन्न का बांध टूट गया। बेटे को खोने के गम में डूबे परिवार को जब पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम उठता नहीं दिखा तो आक्रोश सड़क पर उतर आया। इस दौरान तीन किलोमीटर तक यातायात थमा रहा। कार्रवाई न होने से नाराज परिजन और भाजपा कार्यकर्ता शाम छह बजे झारखंडी मोड़ पर धरने पर बैठ गए। देखते ही देखते गोरखपुर-देवरिया मार्ग पर यातायात ठप हो गया। दोनों तरफ करीब तीन किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। हजारों राहगीर जाम में फंसकर परेशान होते रहे। पुलिस-प्रशासन के आश्वासन के बाद रात आठ बजे धरना समाप्त हुआ। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को शाम पांच भाजपा नेता ओंकार सिंह के घर के घर जाएंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड शो में शामिल जेसीबी की चपेट में आने से मृत आर्यवर्धन सिंह के परिवारवालों ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद पुलिस ने चार घंटे तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसी देरी से नाराज होकर उन्होंने हाईवे पर धरना शुरू कर दिया।

अल्ट्रासाउंड केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग का औचक निरीक्षण

अल्मोड़ा। कन्या भ्रूण हत्या और लिंग जांच पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। विभागीय टीम ने नगर के सरकारी और निजी पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तकनीकी कक्षों, पंजीकरण काउंटर और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संचालकों को अल्ट्रासाउंड संबंधी अभिलेखों में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी सौम्या गर्ब्याल ने केंद्र संचालकों से कहा कि अल्ट्रासाउंड के दौरान नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गर्भस्थ शिशु के लिंग की जांच करना या बताना गंभीर अपराध है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजन तिवारी ने कहा कि सभी केंद्रों को निर्धारित प्रारूप में अभिलेख रखने और समय पर सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

दो हजार रुपये तक बढ़ सकता है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय

देहरादून

हमारे संवाददाता



उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जबकि उत्तराखंड में उन्हें फिलहाल 9300 रुपये मानदेय और 500 रुपये प्रोत्साहन भत्ता मिल रहा है। दोनों राज्यों के बीच मानदेय के इस अंतर के बाद उत्तराखंड में भी बढ़ोतरी का दबाव बढ़ गया है।

प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 1500 से 2000 रुपये तक की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय शासन स्तर से होना है। प्रदेश में 35 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं इससे जुड़ी हैं। मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर कार्यकर्ता पिछले 15 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं।

दरअसल उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जबकि उत्तराखंड में उन्हें फिलहाल 9300 रुपये मानदेय और 500 रुपये प्रोत्साहन भत्ता मिल रहा है। दोनों राज्यों के बीच मानदेय के इस अंतर के बाद उत्तराखंड में भी बढ़ोतरी का दबाव बढ़ गया है। प्रदेश में मानदेय वृद्धि से पहले महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से कई राज्यों की व्यवस्था का अध्ययन किया गया है। इसमें सामने आया कि हिमाचल प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सबसे अधिक 16 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। वहां हर साल मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी भी की जाती है। वहीं, उत्तराखंड में आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 5250 रुपये मानदेय और 250 रुपये प्रोत्साहन भत्ता मिलता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मानदेय बढ़ाकर 24 हजार रुपये करने और सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त 10 लाख रुपये देने की मांग कर रही हैं।

महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के निदेशक बीएल राणा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न राज्यों का अध्ययन करने के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इस पर निर्णय शासन स्तर से होना है।

मांग पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं को 24 हजार रुपये मानदेय और सेवानिवृत्ति पर कम से कम एकमुश्त 10 लाख रुपये दिए जाने चाहिए। मांगों पर अमल होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

उद्योगपतियों से मांगे सुझाव

पुरानी सरकारों का अनुभव खट्टा देश में है दोस्त सरकार:पीएम मोदी

नई दिल्ली

एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिक्की के 100वें वार्षिक सम्मेलन में कहा कि 12-13 वर्षों में देश के 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने 70 के दशक के गरीबी हटाओ नारे का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय नीतियों और नीयत में कमी थी। पीएम ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सफर को याद किया और उद्योग जगत से विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लिए अगले 20 वर्षों के लक्ष्य तय करने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की 100वीं वार्षिक महासभा और वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने देश-विदेश से आए उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की आर्थिक प्रगति, गरीबी उन्मूलन और भारतीय उद्योग जगत की भूमिका पर बात की। इतना ही नहीं, कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 70 के दशक में जब देश में गरीबी हटाओ का नारा दिया गया था, तब भारत की आबादी करीब 50 करोड़ थी। गरीबी उस समय भी दूर हो सकती थी, लेकिन नीतियों में कमी रही और दुर्भाग्य से नीयत में भी कमी थी। फिक्की इस बात का साक्षी है। उन्होंने कहा कि जब सही नीयत से काम हुआ और सरकार सही दिशा में आगे बढ़ी तो सिर्फ 12-13 वर्षों में 50 करोड़ गरीब गरीबी से बाहर निकल आए। यह दिखाता है कि भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह सही और सटीक है। इसमें देश की सफलता की गारंटी है। कहा कि बीते 100 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने कई दौर देखे हैं। देश ने लाइसेंस-कोटा राज देखा, राष्ट्रीयकरण का असफल प्रयोग भी देखा। इसके बाद 21वीं सदी में एक ऐसा दौर आया, जब भारतीय अर्थव्यवस्था को फ्रेजाइल फाइव में गिना जाने लगा। हालांकि, पिछले 12 वर्षों में देशवासियों ने अपनी मेहनत से इस स्थिति को बदला है। इसमें युवाओं, किसानों, श्रमिकों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों का बड़ा योगदान रहा है।

पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार को हरी झंडी, 3000 मी. का होगा रनवे बड़े विमानों की उड़ान का रास्ता साफ

देहरादून

हमारे संवाददाता



कुमाऊं में हवाई सफर को नई ऊंचाई मिलने जा रही है। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार की अहम बाधा दूर हो गई है। 375.33 करोड़ रुपये की परियोजना पूरी होने के बाद बड़े विमानों का संचालन संभव होगा और सालाना 10.1 लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता विकसित होगी।

कुमाऊं में हवाई सफर को नई ऊंचाई मिलने जा रही है। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार की अहम बाधा दूर हो गई है। 375.33 करोड़ रुपये की परियोजना पूरी होने के बाद बड़े विमानों का संचालन संभव होगा और सालाना 10.1 लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता विकसित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के लिए किसी भी परिवार को विस्थापित या पुनर्वासित नहीं करना पड़ेगा। निर्माण कार्य पर्यावरण से जुड़े सभी मानकों और मंजूरी की शर्तों का पालन करते हुए किया जाएगा। राज्य सरकार केंद्र सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ मिलकर परियोजना को तय समय में पूरा कराने की दिशा में काम करेगी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की इस परियोजना में एयरपोर्ट के रनवे, टर्मिनल भवन, एप्रन, टैक्सीवे और अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। रनवे की लंबाई में 1,628 मीटर की बढ़ोतरी होगी। इससे बड़े विमानों के संचालन के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित की जा सकेंगी।

एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल भी 937 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 9,437 वर्ग मीटर किया जाएगा। इसके लिए 8,500 वर्ग मीटर का नया निर्माण किया जाएगा। वहीं, विमानों की पार्किंग के लिए एप्रन की क्षमता दो से बढ़ाकर सात पार्किंग स्थलों की होगी। टैक्सीवे और लिंक टैक्सीवे की संख्या भी एक-एक से बढ़ाकर दो-दो की जाएगी। विस्तार के बाद एयरपोर्ट की सालाना यात्री प्रबंधन क्षमता करीब 10.1 लाख हो जाएगी। इससे कुमाऊं क्षेत्र में हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या को संभालने में मदद मिलेगी। साथ ही भविष्य में यात्रियों की जरूरतों के अनुसार सुविधाएं विकसित हो सकेंगी।

25 नवंबर से शुरू होंगे 1694 पदों पर पुलिस कांस्टेबल भर्ती के आवेदन

देहरादून

हमारे संवाददाता

आयोग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आवेदन पत्र में संशोधन 28 से 30 दिसंबर के बीच कर सकेंगे।

उत्तराखंड में पुलिस कांस्टेबल के 1694 पदों पर भर्ती के लिए 25 नवंबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने इसका विस्तृत विज्ञापन जारी कर दिया है। आयोग, जनवरी में इसकी शारीरिक दक्षता परीक्षा और फिर अप्रैल में लिखित परीक्षा कराएगा। खास बात यह भी है कि पांच साल के भीतर नौकरी छोड़ने पर कांस्टेबल व फायरमैन को प्रशिक्षण का खर्च देना होगा। आयोग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आवेदन पत्र में संशोधन 28 से 30 दिसंबर के बीच कर सकेंगे। आयोग ने जनवरी में शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रस्तावित की है। इसके बाद अप्रैल में लिखित परीक्षा कराने की योजना है। ये सभी भर्तियां 12वीं के स्तर की हैं। शारीरिक दक्षता के अलग-अलग मानक हैं, जो विज्ञापन में विस्तार से दिए गए हैं। पूरी जानकारी आयोग की वेबसाइट https://sssc.uk.gov.in/ पर देख सकते हैं। पुलिस कांस्टेबल, पीएसी आईआरबी कांस्टेबल, अग्निशामक को अंतिम रूप से चिकित्सकीय परीक्षण में सफल होने के बाद इस आशय का पत्र देना होगा कि चयन होने के बाद वे अनिवार्य रूप से पांच साल तक सेवा में रहेंगे।

सफाई में लापरवाही पर कर्मचारी गायब, वेतन काटने के निर्देश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



शहर के वार्डों में सफाई व्यवस्था की बदहाली सामने आने पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने औचक निरीक्षण किया। वार्ड संख्या 32, वार्ड संख्या 33 और वार्ड संख्या 31 में पहुंचे नगर स्वास्थ्य अधिकारी को सफाई व्यवस्था चौपट मिली।

कई सफाई कर्मचारी ड्यूटी से नदारद थे, जबकि नालियां कूड़े, मिट्टी और मलबे से पटी थीं। गंदा पानी सड़कों पर बहता देख अधिकारी ने नाराजगी जताई और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी जमा थी और जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। मौके पर सफाई कर्मचारियों की गैरमौजूदगी ने व्यवस्था की पोल खोल दी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने मौके पर खड़े होकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का प्रयास किया और संबंधित कर्मचारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक चतुर सिंह और स्वास्थ्य निरीक्षक अंकुर मौजूद रहे। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी तथा समाजसेवी मोहम्मद मुकीम सैफी ने अधिकारियों के समक्ष वार्डों की बदहाल सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए नियमित सफाई, नालियों से गंदगी हटाने और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से गंदगी और जलभराव की समस्या बनी रहती है। निरीक्षण के बाद अब देखना होगा कि नगर निगम की कार्रवाई से वार्डों की सफाई व्यवस्था में कितना सुधार आता है।

धूमधाम से मनाया नैनीताल का 185वां जन्मदिन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



सरोवर नगरी नैनीताल का बुधवार को 185वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। ताल चैनल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक केक काटे गए। विधायक सरिता आर्य, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल तथा तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष माहति नंदन साह और ताल चैनल की निदेशक ईशा साह ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान बच्चों और शहरवासियों ने भी केक का आनंद लिया।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत हवन, अरदास और मुस्लिम व ईसाई धर्म की प्रार्थनाओं के साथ हुई, इसमें नैनीताल सहित विश्व के सभी प्राणियों के स्वस्थ और सुखी रहने की कामना की गई। संस्कृत विद्यालय के बच्चों ने स्वस्ति वाचन किया। आयोजकों ने इस आयोजन के माध्यम से सभी धर्मों के बीच प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर ताल चैनल की ओर से 100 स्कूली बच्चों को पानी पीने के लिए स्टील की बोतलें और जरूरतमंद 140 लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में आवाज के जादूगर हेमंत बिष्ट सहित इमरान, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, भुवन बिष्ट, विनीता चौधरी, ज्योति मेहरा, ममता जोशी, हेमंत मर्तोलिया पूर्व वन क्षेत्राधिकारी और आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल को अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम संचालन प्रो. ललित तिवारी व मीनाक्षी कीर्ति और नवीन पांडे ने किया।

इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा समेत दवा बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, शालिनी बिष्ट, आशा शर्मा, दयाकिशन पोखरिया, भूपेंद्र बिष्ट, नीलू एलहेंस, संगीता पंत, सभासद भगवत सिंह रावत, आनंद बिष्ट, मीनू बुदलाकोटी, मनोज कुमार, पूरण बिष्ट, ललिता दफ पौटी, मनोज साह जगाती, शैलेंद्र बरगली, हरीश सिंह राणा, विक्की राठौर, त्रिभुवन सिंह फ त्यॉल, जगदीश चंद्र बवाड़ी तथा डॉ. मनोज सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।



छठे दिन भी छात्रों ने लिया रिवर राफ्टिंग का गहन प्रशिक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद पिथौरागढ़ द्वारा प्रायोजित हिमानी एडवेंचर द्वारा संचालित 6 दिनी रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण बुधवार को पांचवे छठे दिन भी गोरी व काली नदी में जारी रहा।

हिमानी एडवेंचर के अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने कहा कि प्रशिक्षण के छठे दिन व पौधारोपण अभियान के 855वें दिन काली नदी व गोरी नदी के किनारे भगवान जालेश्वर महादेव मंदिर व बजरंगबली मंदिर परिसर में राफ्टिंग का प्रशिक्षण ले रहे कपिल कुमार के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण के साथ रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण के तहत छात्रों को पेडलिंग्स तेराकी के साथ नदी रेस्क्यू के तहत फि लिप, रिफि लिप व आपदा प्रबंधन की जानकारी दी वही छात्रों को गर्जिया से गोरी नदी व काली नदी में का रिवर रन कराया। इससे पूर्व छात्रों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। छात्रों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत नदी स्वच्छता शपथ दिलाई गई।प्रशिक्षण रिवर गाइड मनोहर सिंह ऐरी, विनोद धामी, पद्म सिंह, राजेंद्र सिंह ,अजय धामी व नवीन राना व दमन ने दिया।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता डा.भाकुनी ने की विधि विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट के युवा अधिवक्ता डॉ. वरुण प्रताप सिंह भाकुनी ने विधि विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने मदरहुड यूनिवर्सिटी रुड़की से शोध पूरा किया।

उनका शोध आज के आधुनिक युग में प्राइट टू प्राइवेसी निजता के आधार पर केंद्रित था। चार वर्षों की निरंतर मेहनत और शोध.साधना के बाद उन्होंने शोध कार्य की अंतिम मौखिक परीक्षा सफ लतापूर्वक उत्तीर्ण की। डा.भाकुनी के मुताबिक यह शोध कार्य प्रोफेसर डॉ नलनीश चंद्र सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि आज के युग में जब हर दिशा से हमारी निजता का हनन हो रहा है इस कारण वर्तमान संदर्भ में यह शोध कार्य एक सार्थक एवं महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा।

पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ वरुण भाकुनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय माता-पिता डॉ भूपाल सिंह भाकुनी एवं चंद्रावती भाकुनी समेत विधि विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ जे एस पी श्रीवास्तव व पत्नी श्यामभावी भाकुनी को दिया। इस बीच हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, डॉ हिमानी भाकुनी व अन्य परिजनों ने डॉ वरुण भाकुनी को बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

जिले में 3.89 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति की दवा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए बुधवार को जिलेभर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान चलाया गया। इसके तहत जिले में एक से 19 वर्ष तक के 3 लाख 89 हजार 860 बच्चों और किशोर किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के लिए 2090 विद्यालयों और 1530 आंगनबाड़ी केंद्रों को शामिल किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरकारी, अर्द्धसरकारी और निजी विद्यालयों के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों व तकनीकी शिक्षण संस्थानों में बच्चों को दवा खिलाई जा रही है। अभियान के दौरान किसी बच्चे की तबीयत बिगड़ने या दवा के प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति में तत्काल उपचार मुहैया कराने के लिए जिले के सभी आठ विकासखंडों में इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमें गठित की गई हैं वहीं मॉनिटरिंग टीमों ने विभिन्न विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दूसरी ओर जिले की सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने बताया कि अभियान के दौरान दवा खाने से छूटे बच्चों को 25 नवंबर को मॉपअप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। अभिभावक बच्चों को नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से भी एल्बेंडाजोल की गोली निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण और शारीरिक विकास प्रभावित होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को निर्धारित दवा खिलाने और अभियान में सहयोग करने की अपील की।

नैनीताल ठंडी सड़क पर झील में मिला अधेड़ का शव

नैनीताल । नैनीताल की ठंडी सड़क पर बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब मां पाषाण देवी मंदिर के समीप नैनी झील में एक अधेड़ का शव उतराता दिखाई दिया। झील में शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में लोगों और पर्यटकों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाव चालक की मदद से शव को बाहर निकाला और बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह तल्लीताल पुलिस को डीएसबी कॉलेज प्रबंधन की ओर से सूचना मिली कि परीक्षा देने देर से पहुंची एक छात्रा झील में कूदने की धमकी देकर चली गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम छात्रा की तलाश में ठंडी सड़क की ओर रवाना हुई। पुलिसकर्मी पाषाण देवी मंदिर के समीप पहुंचे ही थे कि उनकी नजर झील में उतराते एक शव पर पड़ी।

NEWS / फटाफट

जनहित संस्था ने किया समाजसेवी इमरान को सम्मानित

नैनीताल । जनहित संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से बुधवार को समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नैनीताल निवासी इमरान खान को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के मुताबिक इमरान खान द्वारा पाइंस श्मशान घाट में दिवंगत शरीर के लिए उचित रूप से चौता लगाए जाने के कार्य को अपने विशेष अनुभव से बीते कई वर्षों से संपादित किया जा रहा है।समारोह में संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव महेश चन्द्र आर्य, कोषाध्यक्ष मनोज सनवाल, अशोक तिवारी, वकिलउददीन, श्रीमती जीवंती भट्ट, श्रीमती मीनू बुदलाकोटी तथा श्रीमती चन्दा पंत मौजूद रहे।

वन विभाग ने चलाया विशेष सर्च अभियान

नैनीताल । नैना पीक की पहाड़ी क्षेत्र में लापता युवक की खोजबीन के लिए बुधवार को विशेष सर्च अभियान चलाया गया। वन विभाग की टीम ने सुबह 9.30 बजे से सैनिक स्कूल के ऊपर मोटर रोड से नैनापीक के सामने वाले भाग में तलाशी शुरू की।अभियान में वन क्षेत्राधिकारी ललित कार्की के नेतृत्व में वन दरोगा भुवन चंद्र, वन दरोगा चंदन सिंह बिष्ट, वन आरक्षी मोहन सिंह परिहार,वन आरक्षी मनीषा बोहरा, राजेंद्र रावत, सोबन सिंह, अभिषेक, हिमांशु बर्गली व हरेंद्र सिंह और बीरेंद्र सिंह शामिल रहे।टीम ने पहाड़ी के खतरनाक ढलानों, चट्टानों और जंगली रास्तों में युवक की तलाश की। देर शाम तक चले अभियान में टीम ने टांकी क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों को खंगाला।वन विभाग के अनुसार युवक की तलाश के लिए आगे भी अभियान जारी रखा जाएगा।

अधिवेशन की तैयारी में वन विभाग राजकीय वाहन चालक संघ

नैनीताल । राजकीय वाहन चालक संघ वन विभाग उत्तराखंड के प्रांतीय अध्यक्ष मोहन सिंह नयाल के मुताबिक संघ का 13वां द्विवार्षिक अधिवेशन 22 नवंबर (रविवार) को देहरादून में आयोजित होगा। नयाल ने संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से अधिवेशन में प्रतिभाग करने की गुजारिश की है। उन्होंने कहा कि अधिवेशन की प्राथमिकता से तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं।

सिडकुल भूमि आवंटन मामला: सुनवाई अब 25 को

नैनीताल । हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में सिडकुल की 400 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सरकारी औद्योगिक भूमि के आवंटन और हस्तांतरण में कथित अनियमितताओं को लेकर देहरादून निवासी अधिवक्ता एवं उत्तराखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभिनव थापर द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सिडकुल से 25 नवंबर तक जनहित याचिका में उनके खिलाफ पेश किए गए दस्तावेजों पर अपना शपथपत्र पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई खंडपीठ ने 25 नंबर की तिथि नियत की है।

संभागीय परिवहन विभाग ने 30 वाहनों के किए चालान

नैनीताल । नैनीताल शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर अंकुश लगाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मल्लीतालए तल्लीताल और मालरोड समेत शहर के प्रमुख मार्गों व चौराहों पर वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान विभाग की टीम ने 30 वाहनों के चालान किए। ट्रांसपोर्ट अधिकारी प्रमोद कर्नाटक ने बताया कि कार्रवाई के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों की जांच की गई। इसमें नो पार्किंग में वाहन खड़े करने, वाहन का टैक्स जमा नहीं करने, परमिट और फिटनेस संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर चालान किए गए। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। वाहन चालकों से नियमों का पालन करने के साथ ही सभी जरूरी दस्तावेज अपडेट रखने की अपील की गई है।

अर्नव के इंतजार में पथरा गईं पिता की आंखें

नैनीताल । नैना पीक की ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए बीटेक छात्र अर्नव की तलाश 13वें दिन भी पूरी नहीं हो सकी। लंबे सर्च अभियान के बावजूद बेटे का कोई सुराग नहीं मिलने से पिता पंकज कुमार समेत चार परिवारों की उम्मीदें अब टूटने लगी हैं। सुबह से देर शाम तक परिजन कोतवाली में इस आस में बैठे रहते हैं कि शायद पुलिस कोई अच्छी खबर दे लेकिन हर दिन उन्हें निराश होकर होटल लौटना पड़ रहा है। दूसरी ओर बिहार से पहुंचे चारों परिवारों के सामने होटल में ठहरने और खाने.पीने का खर्च भी भारी पड़ रहा है। 13 दिन बाद भी अर्णव के लापता होने की गुत्थी नहीं सुलझने से पुलिस की जांच पर भी सवाल उठ रहे हैं। एसपी डॉ जगदीश चन्द्र ने बताया कि पुलिस अन्य विभागों के साथ मिलकर हरसंभव प्रयास कर रही है।

क्लीन नैनीताल टीम ने चलाया विशेष सफाई अभियान



नैनीताल । नैनीताल के स्थापना दिवस पर बुधवार को क्लीन नैनीताल टीम द्वारा शहर में एक व्यापक और प्रेरणादायक मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस महाअभियान के दौरान टीम के सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने मिलकर लेकसाइड झील किनारे तथा केनेडी रोड से 50 से अधिक कट्टे कचरा एकत्रित किया। इस सफाई अभियान के दौरान एक अत्यंत चिंताजनक तस्वीर सामने आई जहाँ झील में पानी ले जाने वाले बरसाती नाले कचरे के भारी ढेरों से पूरी तरह अटे पाए गए जिनमें ज्यादातर घरेलू सामान और प्लास्टिक की बोतलें शामिल थीं। अभियान में टीम के संस्थापक आशु निगम समेत सदस्य प्रशांत तिवारी समेत पुनीत टंडन, जगदीश नेगी,नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल,आशु निगम, शिखा रावत, निहारिका चौबे, यश गर्ग, मोहित पांडे, शिवांग साह, दिवा शाह, कोविद भट्ट, तन्मय कांडपाल, श्रीकांत, संदीप, जयंत चौधरी, फैसल, समरीन, दीपक व ज्योति आदि शामिल रहे।

अभिमत

बदल जाती तस्वीर

दुर्भाग्य यह है कि उत्तराखंड के जनप्रतिनिधि चुनाव के दौरान वोट मांगने पर्वतीय क्षेत्र के गांव में जाते हैं और इसके बाद दिल्ली, देहरादून तथा अन्य जगह आवास बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। आर्थिक रूप से संपन्न जनप्रतिनिधि सरकारी योजना के अतिरिक्त अपने निजी धन का निवेश पर्वतीय क्षेत्र में बमुश्किल करते हैं। राजनीति से जुड़ी हस्तियों के ज्यादातर परिवार वाले महानगरों में बसे हुए हैं और कारोबार करते हैं। उत्तराखंड के संपन्न प्रवासी यदि गांव को गोद लेते तो राज्य गठन के 26 साल में उत्तराखंड की तस्वीर बदल जाती।

पर्वतीय क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों, सुविधाओं के अभाव और आर्थिक तंगी के बाद भी उत्तराखंड की विभिन्न हस्तियों ने देश व विदेश में नाम रोशन किया है। सेना, राजनीति, शिक्षा तथा प्रशासनिक क्षेत्र में उत्तराखंड की कई प्रतिभाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है और वर्तमान में भी उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं। उच्च पदस्थ हस्तियां देश ही नहीं, विदेश में स्थायी रूप से रह रही हैं, यदि प्रवासी अपने मूल गांव को गोद लेकर विकास की दिशा में योगदान करें तो हिमालयी राज्य उत्तराखंड पिछड़ा नहीं रहेगा। वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप से बचने के लिए लॉकडाउन लागू किया गया और उत्तराखंड के मूल निवासी देश के विभिन्न हिस्सों से अपने घर लौटे तो उन्हें प्रवासी कहा गया। मूल निवास पर रोजी-रोटी का कोई जरिया नहीं होने से लॉकडाउन के बाद उत्तराखंड का मूल निवासी फिर प्रवासी हो गया और उसे रोजगार के लिए विभिन्न राज्यों में जाने को मजबूर होना पड़ा। उत्तराखंड के संपन्न प्रवासी जहां रह रहे थे, लॉकडाउन में वहीं पर रहे, ऐसे लोगों की संख्या कम है। आर्थिक रूप से कमजोर प्रवासी मूल निवास पर रह नहीं पाते हैं और जहां काम करते हैं, वहां स्थायित्व नहीं होने से प्रवासी बने रहते हैं। संपन्न प्रवासी मूल निवास को लौट नहीं सकते हैं, लेकिन अपने गांव को गोद लेकर निवेश कर सकते हैं। निवेश से आर्थिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। आर्थिक रूप से संपन्न प्रवासी जहां हैं, वहां भी कारोबार कर रहे हैं, यदि उत्तराखंड में निवेश करेंगे तो उत्तराखंड में रोजगार के अवसर विकसित होंगे। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा। पर्वतीय गांवों का विकास होने पर वहां के मूल निवासी अन्य क्षेत्रों में पलायन को मजबूर नहीं होंगे और प्रवासी घर लौटकर स्वयं का भरण-पोषण करने के साथ क्षेत्र के विकास में सहभागी बनेंगे। दुर्भाग्य यह है कि उत्तराखंड के जनप्रतिनिधि चुनाव के दौरान वोट मांगने पर्वतीय क्षेत्र के गांव में जाते हैं और इसके बाद दिल्ली, देहरादून तथा अन्य जगह आवास बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। आर्थिक रूप से संपन्न जनप्रतिनिधि सरकारी योजना के अतिरिक्त अपने निजी धन का निवेश पर्वतीय क्षेत्र में बमुश्किल करते हैं। राजनीति से जुड़ी हस्तियों के ज्यादातर परिवार वाले महानगरों में बसे हुए हैं और कारोबार करते हैं। उत्तराखंड के संपन्न प्रवासी यदि गांव को गोद लेते तो राज्य गठन के 26 साल में उत्तराखंड की तस्वीर बदल जाती।

भीमताल विस के गांवों में भ्रमण कर किया संवाद

भीमताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) भावना मेहरा ने बुधवार को भीमताल विधानसभा के बाबियाड़ दुदली, कालगड़ी एवं चूरीगाड़ क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लिए जा रहे जनहितकारी निर्णयों की जानकारी भी दी भ्रमण के दौरान बाबियाड़ पहुंचने पर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण एवं सड़क के क्षतिग्रस्त होने की समस्या प्रमुखता से उठाई जिसपर पर भावना मेहरा ने तत्काल मौके से ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्या के समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि एक माह के भीतर सड़क को ठीक करने के साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी इस दौरान बाबियाड़ में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भावना मेहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

सरकार द्वारा आशा कार्यकर्ताओं एवं भोजन माताओं के मानदेय में वृद्धि सहित महिलाओं युवाओं किसानों और जरूरतमंद परिवारों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष उठाकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता में है इस दौरान ग्राम प्रधान सुनील कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख कृपाल मेहता शिवराम चंदन सम्मल ओमप्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह भवान सिंह रमेश मेहता चंदन लाल शेर सिंह मेहता पान सिंह मेहता मनोज सिंह मेहता त्रिलोक मेहता गिरीश शर्मा चेतन शर्मा कमल कोटलिया एवं मोहन शर्मा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंजुमन इस्लामियां के चुनाव का परिणाम देर रात घोषित

नैनीताल। अंजुमन इस्लामियां के चुनाव का परिणाम मंगलवार देर रात घोषित किया गया। मतगणना के बाद 23 प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया गया। कमेटी के चुनाव 15 नवंबर को रजा क्लब में हुए थे जिसमें 23 पदों के लिए 66 लोग मैदान में थे। मंगलवार देर रात चुनाव के परिणाम घोषित किए गए।

मुख्य चुनाव अधिकारी अब्दुल हमीद ने बताया कि समीर अली को सबसे अधिक 498 वोट मिले। वहीं शुऐब अहमद को 472 और मोहम्मद इब्राहिम को 452 वोट मिले। इसके अलावा फैसल खान को 432, दानिश लईक सिद्दीकी और शाहनवाज खान को 416-416, कलीम उल्लाह को 405, सलमान हुसैन को 397, मोहम्मद फारूक को 381, मेहमूद अली को 369, आसिफ बक्श को 368, मोहम्मद फईम को 364, अब्दुल हसीन और शानू अहमद को 353-353, रशीद आरिफ सिद्दीकी को 350, मोहम्मद कय्यूम को 349, फिरोज खान को 341, मोहम्मद आसीम को 331, एतात हुसैन को 324, मोहम्मद उबेस को 320, अब्दुल वाहिद को 312 और शाहनवाज व सिकंदर अली (राजा) को 306-306 वोट मिले।

पुनर्स्थापन व मानव स्वास्थ्य हेतु सूक्ष्मजीवों का उपयोग विषयक कार्यशाला आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में राष्ट्रीय हिमालयी अध्ययन मिशन एनएमएचएस एवं एमबी आइ के अंतर्गत जीव विज्ञान विभाग द्वारा जैव उपचार पर्यावरण पुनर्स्थापन एवं मानव स्वास्थ्य के लिए सूक्ष्मजीवों का उपयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसबी परिसर के निदेशक प्रो. संजय पंत, मुख्य वक्ता पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. एस.सी. सती, प्रो. मनोज कुमार आर्य, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. हरीश सिंह बिष्ट व डॉ मुकेश सामंत व डॉ दीपक कुमार ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ. मुकेश सामंत ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के विषय एवं उद्देश्य की जानकारी दी। इसके पश्चात प्रो. एच सी एस बिष्ट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अधिक से अधिक प्रश्न पूछने, विशेषज्ञों से संवाद करने तथा इस कार्यशाला के माध्यम से वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रो. एस.सी. सती ने अपने व्याख्यान में कुमाऊं हिमालय में पाए जाने वाले जलजनित एवं कोनिडियल कवकों तथा उनकी जैव सक्रियताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने पूर्व शोध एवं अध्ययनों के अनुभव भी विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

अंत में डॉ. दीपक कुमार आर्य ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन प्रो. ललित तिवारी डीन एजुकेशन ने किया तथा कहा कि बैकटिरिया व फंगस जीवन को आसान करते हैं। इस दौरान सभी अतिथियों को शॉल उड़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सममानित किया गया।

वन रावत व वन रजि जनजाति का मामले में कमेटी गठित

नैनीताल। हाईकोर्ट में बुधवार को उत्राखंड की वन रावत और वन राजि जनजाति का अस्तित्व खतरे में होने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने मामले को अति गंभीर पाते हुए उनकी समस्याओं का निदान करने के लिए इस क्षेत्र में सर्वे कर चुके जानकार लोगों की एक कमेटी गठित कर दी गयी है। कमेटी में कोर्ट ने उन लोगों को शामिल किया गया है जिनके द्वारा इस क्षेत्र में जाकर उनका गहन अध्ययन किया है, साथ में कोर्ट ने कमेटी में उस एक मात्र छात्र को भी शामिल किया हैं जो अपनी जनजाति का एक मात्र पढ़ा लिखा छात्र है जो कि डीएसबी परिसर नैनीताल से फ रिस्ट्री विभाग से बीएससी कर रहा हैं। उसका नाम मुकेश सिंह रजवार है। कोर्ट ने उससे कहा है कि वह उस क्षेत्र से जुड़ी समस्त समस्याओं से वांकी कमेटी के सदस्यों को अवगत कराए, इसके लिए जिलाधिकारी पिथौरागढ को उसको इसके लिए प्रति दौरे के लिए दस हजार रूपये का भुगतान करें। साथ में कोर्ट ने कमेटी से कहा हैं कि इस संबंध में वे पहले अपनी एक प्राथमिक रिपोर्ट छ सप्ताह के भीतर कोर्ट में पेश करें।

फिल्मी दुनिया

'मातृभूमि' के गाने पर सिंगर का सवाल, सलमान संग विवाद याद कर बोलीं- मुझे धमकियां मिलीं



सोना मोहापात्रा पिछले दो दशक से फिल्म इंडस्ट्री में गायिका के तौर पर काम कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' के गाने की कड़ी आलोचना की। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गायिका ने बताया कि एक्टर पर टिप्पणी करने के बाद इसका असर उनके करियर पर किस तरह पड़ा था। फिल्म 'मातृभूमि' के गाने तेरी ब्यूटी पर सोना ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'संगीत जगत में 20 साल और सलमान खान को चुनौती देकर 10 साल। और अब तेरी ब्यूटी गाना हमारे सैनिकों के बलिदान पर बनी फिल्म में आ रहा है! बॉलीवुड, तुम वाकई अजीबोगरीब पंचलाइन लिखते हो। मेरा करियर खत्म होने पर दुख मनाने वालों... अपनी संवेदनाएं अपने पास रखो, मैं अभी भी शानदार जीवन जी रहा हूं। अपने वीडियो में आगे सोना ने कहा, 'दस साल पहले, मैंने इंडस्ट्री के सुपरस्टार सलमान खान के एक बयान पर विरोध जताया था। बस, फिर क्या? मुझे दुष्कर्म की धमकियां, छेड़छाड़ की गई तस्वीरें और असीमित ट्रोलिंग मिली। मेरी फैमिली और मम्मी को भी अभद्र शब्द सुनाए गए। इतनी की मुझे पुलिस में शिकायत करनी पड़ी। अपने इस वीडियो में सोना ने बताया कि लोगों ने सलमान को लेकर उनसे काफी कुछ कहा। फिल्मी दुनिया के लोगों ने उनसे कहा कि वह बहुत प्रतिभाशाली हैं मगर उन्हें सलमान खान के पंगा नहीं लेना चाहिए था। इस पर सोना ने अपनी राय रखते हुए कहा कि वह यहां तक अपनी मेहनत से पहुंची हैं। सफल लोगों के आस-पास रहकर सफल होने को वह सफलता नहीं मानतीं।

दलेर मेहंदी पर दिया था बयान

हाल ही में दलेर मेहंदी एक स्टेज शो के दौरान हुए विवाद के चलते चर्चा में रहे। इस मामले में सिंगर सोना मोहपात्रा ने दलेर का समर्थन करने की बजाय सोशल मीडिया के जरिए उन पर सवाल खड़ा किया था। उन्होंने इस विवाद के दूसरे पक्ष पर रोशनी डालते हुए आयोजकों और फैंस की भावनाओं के बारे में बात की थी। उन्होंने फरवरी में हुए एक इवेंट को याद करते हुए बताया था की फैंस के लिए उनके सिंगर का सही तरह प्रदर्शन न करना कितना दिल तोड़ने वाला होता है।

चित्रकला प्रतियोगिता में इरम, शीतल व विशाखा ने मारी बाजी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के शहीद श्री खेमचंद डीबीं राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का विषय हमारी जनजाति हमारी विरासत था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार मौर्य के द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल, जमीन तथा जंगल के संरक्षण में आदिवासी समाज ने अहम भूमिका निभाई। बिरसा मुंडा ने अपने अल्पायु जीवन में पर्यावरण के प्रति जो जागरूकता की ज्योत जलाई वह महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा प्राध्यापकों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ममता पाण्डे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. जयति दीक्षित एवं डॉ. निर्मला रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा डॉ. तरुण कुमार आर्या द्वारा की गई जिसमें प्रथम स्थान पर इरम बेनजीर, द्वितीय पर शीतल चोहरा तथा तृतीय स्थान पर विशाखा बुधोड़ी रही। कार्यक्रम में डॉ. इप्सिता सिंह, संतोष भारती, भाष्करानंद पन्त, सपना आर्या, अनिल, मुकेश, ललित व प्रेम उपस्थित रहे।



News कॉर्नर

दुकान जाने निकला व्यक्ति लापता, फोन बंद होने से परिवार परेशान

हल्द्वानी। रोज की तरह दुकान जाने के लिए घर से निकले व्यक्ति रहस्यमय ढंग से लापता हो गए। सुबह पत्नी को घर में स्कूटी की चाबी दिखाई दी तो अनहोनी की आशंका सताने लगी। फोन मिलाया तो कोई जवाब नहीं मिला, कुछ देर बाद मोबाइल भी बंद हो गया। पति की तलाश में परेशान पत्नी ने आखिरकार पुलिस की शरण ली है। लक्ष्मी विष्णु विहार, पीलीकोठी निवासी किरन शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके पति गोपाल शर्मा (42) पुत्र हरीश चंद्र शर्मा मंगलवार की सुबह मंगलपड़ाव स्थित होली ग्राउंड की दुकान के लिए घर से निकले थे। रोजाना की तरह उनके निकलने के बाद परिवार को किसी अनहोनी का अंदेशा नहीं था। पत्नी को तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ दुकान क्षेत्र के लोगों और परिजनों से जानकारी जुटा रही है। मोबाइल की लोकेशन तलाशने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

ओखलकांडा ब्लॉक के वारी गांव की सड़क के लिए 84 लाख स्वीकृति

धारी। ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम सभा कटना से वारी के ग्रामीणों आजादी से आज तक मोटर मार्ग निर्माण करने की मांग कर रहे थे मोटर मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक अपना सामान लाने, मरीजों को घोड़ो या कंधे में लाना पड़ता था, किसानों को अपनी उपज को मंडी पहुंचने तक सारा पैसा किराये भाड़े में लग जाता था। मंत्री कैड़ा ने कटना से वारी मोटर मार्ग निर्माण के लिए शासन से लगभग 84लाख धनराशि स्वीकृति कराकर जिसका शासनादेश जारी हो गया हैं मंत्री कैड़ा ने विभाग के अधिकारियो शीघ्र टैण्डर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

समय रहते तैयारी से टल सकती है आपदा की बड़ी त्रासदी: डॉ. संजय

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता



प्राकृतिक आपदाओं को रोकना हमेशा संभव नहीं है लेकिन बेहतर योजनाए समय पर चेतावनी और निरंतर तैयारी से उनसे होने वाली जनहानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए सरकारी तंत्र के साथ.साथ आम जनता में भी आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता जरूरी है।

यह बात पद्मश्री सम्मानित प्रो. डा. बी. के. एस. संजय अध्यक्ष एमस गुवाहाटी ने नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला डिजास्टर मेडिसिन एंड ग्लोबल हेल्थ सियोरिटी का उद्घाटन करते हुए कही। यह कार्यशाला 16 से 18 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। इसका आयोजन एमस गुवाहाटी ने डाकटर्स फ ॅर यू और सेविंग लाइव्स इंटरनेशनल के सहयोग से तथा एसआरआईएचईआर के समर्थन से किया है। डा. संजय ने कहा कि भारत की भौगोलिक स्थिति और विविधता इसे कई प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील बनाती है। हिमालयी क्षेत्रों में भूकंपए नदी तंत्र के कारण बाढ़ए तटीय क्षेत्रों में चक्रवात और शुष्क इलाकों में सूखे का खतरा बना रहता है। ऐसे में आपदा प्रबंधन की जानकारी केवल वैज्ञानिकों, नीति.निर्माताओं और प्रशासन तक सीमित न रहकर आम नागरिकों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा की तैयारी किसी घटना के बाद नहीं बल्कि हर समय होनी चाहिए। उन्होंने भूकंपरोधी भवन निर्माण, सक्रिय नदी क्षेत्रों और बाढ़ संभावित इलाकों में बस्तियां तथा निर्माण कार्य रोकने और आवासीय एवं औद्योगिक क्षेत्रों में अनियोजित भीड़भाड़ से बचने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहरों की योजना बनाते समय पर्याप्त सड़कें, खुले स्थान और आपातकालीन निकासी मार्ग सुनिश्चित करना जरूरी है। सड़कें शरीर की रक्त वाहिकाओं की तरह हैं जो आपदा के समय एंबुलेंस, राहत और बचाव दलों की आवाजाही का माध्यम बनती हैं। आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से पालन भी आवश्यक है। कोविड-19 महामारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सामूहिक तैयारियों और समन्वित प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रतिनिधियोंए वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञोंए जलवायु विशेषज्ञों और चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भी विचार रखे। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. डोनाल्ड डोनाहू अध्यक्ष वर्ल्ड एसोसिएशन फ ॅर डिजास्टर एंड इमरजेंसी मेडिसिन डॉ. पीटर पटेल, सेविंग लाइव्स इंटरनेशनल यूकेय प्रो. अशोक पुराणिक, कार्यकारी निदेशक एमस गुवाहाटीय प्रो. टी. बी. रामकृष्णनय प्रो. वर्जीनिया मरे और डॉ. रॉब रसेल, यूकेय डॉ. के. सेल्वाराजन, डॉ. आकाश श्रीवास्तव, एनसीडीसीय डॉ. माधुरी बरसागड़ेय, डॉ. बिनोद पात्रा, प्रो. संजीव भोई और डॉ. तौसीफ थंगलवाड़ी एमस नई दिल्ली, डॉ. रजत जैन, डाकटर्स फ ॅर यू तथा नेपाल के डॉ. समीर कुमार अधिकारी शामिल रहे।

कुमाऊं के छह जिलों में चुनावी तैयारी में 29 इंस्पेक्टरों के तबादले

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विधानसभा चुनाव 2027 की आहट के साथ ही कुमाऊं पुलिस महकमे में तबादलों का बड़ा दौर शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आईजी कुमाऊं निवेदिता कुकरेती ने छह जिलों में तैनात 29 पुलिस निरीक्षकों के तबादले कर दिए हैं। एक ही जनपद में लंबे समय से जमे निरीक्षकों को दूसरे जिलों में भेजकर पुलिस महकमे की जमावट बदल दी गई है। इस फेरबदल में ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत और पिथौरागढ़ के निरीक्षक शामिल हैं। आदेश के मुताबिक, जिन निरीक्षकों की पिछले चार वर्षों के दौरान एक ही जनपद में विधानसभा चुनाव अथवा उसके बाद हुए उपचुनाव में तैनाती रही है, उन्हें दूसरे जिलों में स्थानांतरित किया गया है। सभी अधिकारियों को तत्काल नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

ऊधमसिंह नगर से सबसे ज्यादा तबादले

तबादला सूची में ऊधमसिंह नगर से सबसे अधिक 12 निरीक्षकों को दूसरे जिलों में भेजा गया है। इनमें भूपेंद्र सिंह बृजवाल, धीरेंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह डांगी और अशोक कुमार को नैनीताल भेजा गया है। हरेंद्र चौधरी, मनोहर दसौनी, प्रकाश सिंह, संजय पाठक और बिजेंद्र साह को चंपावत की जिम्मेदारी मिली है। बंसती आर्या और नरेश चौहान को अल्मोड़ा तथा श्याम सिंह रावत को बागेश्वर भेजा गया है।

नैनीताल और अल्मोड़ा से भी बदली तैनाती

नैनीताल से हरपाल सिंह को बागेश्वर और दिनेश सिंह फरत्याल को पिथौरागढ़ भेजा गया है। वहीं अल्मोड़ा से देवेश कुमार पांडेय और मदन मोहन जोशी को नैनीताल, अशोक कुमार, हेम चंद्र पंत, देवेंद्र सिंह नेगी और योगेश उपाध्याय को ऊधमसिंह नगर तथा भुवन चंद्र जोशी को चंपावत भेजा गया है।

अन्य जिलों में भी फेरबदल: पिथौरागढ़ से संजीव कुमार को ऊधमसिंह नगर भेजा गया है। चंपावत से पुनीता बलोदी और बची सिंह बिष्ट को नैनीताल जबकि चेतन रावत को ऊधमसिंह नगर स्थानांतरित किया गया है। बागेश्वर से कैलाश सिंह नेगी और श्वेता दिगारी को ऊधमसिंह नगर तथा सलाहुद्दीन और त्रिलोक राम बरगठा को नैनीताल भेजा गया है। चुनाव से पहले निरीक्षकों के इस फेरबदल को पुलिस महकमे की चुनावी तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में उपनिरीक्षकों के तबादलों की सूची भी जारी हो सकती है। ऐसे में कुमाऊं पुलिस में अभी और बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का बुधवार को पालिका सभागार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कटियार ने किया। इस दौरान अध्यक्ष पद पर धर्मेश प्रसाद मर्दान, उपाध्यक्ष पद पर कमल कुमार, महासचिव पद पर धर्मेंद्र कुमार पवार और उपसचिव पद पर मुकेश कुमार ने शपथ ली।समारोह में सभासद गीता उप्रेती, ललिता दफौटी, शीतल कटियार, नामित सभासद मीनू बुदलाकोटी, पूरन बिष्ट, नामित सदस्य मनोज पवार, मुख्य सफाई निरीक्षक अमित चौधरी, सफाई निरीक्षक आकाश कुमार, निकाय कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मोहन चिलवाल, रितेश कपिल, जगदीश गौड़, मनीष कीर्ति, आकाश, हंसा बहुगुणा, दीपराज मर्दान, अधिष्ठान लिपिक राहुल कुमार वाल्मीकि, सचिन कुमार जनौटा, नितिन कुमार मर्दान, मोहित बेनीवाल, राहुल कुमार, दीपक कुमार, अजय ओमी, ललित कुमार, मनोज कुमार, हेम सागर, अनिल कुमार, शंकर कुमार, वीरेंद्र कुमार, विमल कुमार, मंजीत सहदेव, धीरज कटियार, विनोद कुमार, संजय सिरोही, करन कुमार, सोनी सैलवान, गीता ईरोज, रंजीता, संतोष देवी व तारा देवी आदि मौजूद रहे।



भाजयुमो ने की धारचूला विधायक प्रकरण के निष्पक्ष जांच की मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उत्तराखंड के ऐतिहासिक जौलजीबी मेले में सीएम पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम के दौरान धारचूला विधायक हरीश धामी एवं उनके समर्थकों द्वारा किए गए कथित हंगामे, अभद्र व्यवहार एवं मंच पर तोड़फोड़ की घटना को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा जनपद नैनीताल ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

भाजयुमो नैनीताल के पदाधिकारियों ने कहा कि जौलजीबी मेला देवभूमि उत्तराखंड की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। ऐसे गरिमामयी सार्वजनिक आयोजन में एक जनप्रतिनिधि द्वारा कथित रूप से अमर्यादित व्यवहार करना, मंच पर हंगामा करना एवं सरकारी कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को प्रभावित करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं सार्वजनिक जीवन की गरिमा बनाए रखें। भाजयुमो नैनीताल ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि घटना से संबंधित सभी वीडियो फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए तथा मामले में दर्ज प्राथमिकी के अंतर्गत दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर भाजयुमों के विशेष आमंत्रित सदस्य डा. पंकज भट्ट, मंडल अध्यक्ष रितुल, एससी मोर्चा अध्यक्ष हेमंत बेदी, मंडल उपाध्यक्ष करन साह, मनकरन सिंह, सागर आर्य एवं आशु उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि सार्वजनिक मंचों की गरिमा एवं कानून.व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



आंवला नवमी पर महिलाओं ने की पेड़ की पूजा

खटीमा। आंवला नवमी पर महिलाओं ने रामलीला मैदान स्थित सनातन शिव मंदिर परिसर में आंवला पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा-अर्चना कर भोजन का भोग लगाया। यहां सोनिया सुनेजा, उर्मिला बत्रा, श्वेता डाबर, रानी सक्सेना, पूजा वाधवा, ऋचा बत्रा, आरती डाबर, पूजा बत्रा, मोनिका वैंगर, चेतना डाबर, दीप्ति ग्रोवर, नीलू अग्रवाल, सीमा सक्सेना, मंजू सक्सेना, वंदना बत्रा, चेतना और हरीश बत्रा मौजूद रहे।

35 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने 117 ग्राम नशा पकड़ा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नशे के कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई में एक बड़ी खेप हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को दबोचकर उसके कब्जे से स्मैक बरामद की। बरामद नशे की बाजार कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नशे के नेटवर्क की पड़ताल शुरू कर दी गई है। बीती शाम हेड कांस्टेबल पंकज कांडपाल, कांस्टेबल संजय नेगी और मुकेश बोहरा निजी वाहन से गश्त व संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर घबराने लगा और तेज कदमों से वहां से निकलने की कोशिश करने लगा। उसकी संदिग्ध गतिविधियों को भांप पुलिस कर्मियों ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई। तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया है । पुलिस अब इस बात की पड़ताल में जुटी है कि आरोपी स्मैक कहां से लेकर आया था और इसकी सप्लाई किन लोगों तक की जानी थी। नशे की इस खेप के पीछे जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने की जिम्मेदारी एसओटीएफ कुमाऊं रेंज को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और तस्करी के नेटवर्क से जुड़े लोगों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

कुविवि अंतर महाविद्यालय सेपक टाकरा महिला-पुरुष प्रतियोगिता आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता



यूनिटी लॉ कॉलेज रुद्रपुर द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता सेपक टाकरा महिला-पुरुष का आयोजन कराया गया।

प्राचार्य डॉ. कुंदन सिंह राठौर के मुताबिक प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबन्धित महाविद्यालय एवं परिसर (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर, एम बी.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, एसी गुड़िया आईएमटी कॉलेज काशीपुर, पॉल कॉलेज हल्द्वानी तथा डीएसबी परिसर नैनीताल) की महिला एवं पुरुष टीम के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो.डॉ. चंद्र प्रकाश पैंसोड़ा प्राचार्य मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर एवं प्रो.डी.डी.जोशी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में रेगु इवेंट में का फाइनल मैच डीएसबी नैनीताल तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी के मध्य खेला गया जिसमें हल्द्वानी ने नैनीताल को सीधे सेटों में 2-0 से हराकर जीत हासिल की। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के डबल इवेंट का फ इनल मैच राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी के मध्य खेला गया जिसमें हल्द्वानी ने रुद्रपुर को सीधे सेटों में 2-0 से हराकर जीत हासिल की जबकि महिला वर्ग मे रेगु तथा डबल इवेंट में ट्रायल मैच का आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। समापन सत्र के अवसर पर मुख्य अतिथि सीडीओ ऊधम सिंह नगर देवेश शास्त्री तथा पूर्व क्रीड़ा अधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल डॉ नागेंद्र शर्मा द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।